भारत सरकार

संस्कृति मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 4870**

उत्तर देने की तारीख 23.03.2026

**ओड़िशा में पुष्पगिरी विश्वविद्यालय का पुनरुद्धार**

**4870. डॉ. रबीन्द्र नारायण बेहेरा :**

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार बौद्ध धर्म की शिक्षा देने के लिए उदयगिरी, लांगुडी, रत्नागिरी आदि में मल्टीकैम्पस में मौजूद पुष्पगिरी विश्वविद्यालय का पुनरुद्धार करने पर विचार कर रही है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या सरकार बौद्ध धर्म और समुद्री सांस्कृतिक विरासत के संबंध में और अधिक अनुसंधान करने के लिए उदयगिरी, लांगुडी, रत्नागिरी आदि सहित जाजपुर और ललितपुरी जिले में एक राष्ट्रीय अनुसंधान संस्थान स्थापित करने पर विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री

(गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) और (ख): भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई), संस्कृति मंत्रालय द्वारा उदयगिरि, लांगुडी और रत्नागिरि स्थलों पर संरक्षण और परिरक्षण का कार्य किया जा रहा है। तथापि, उदयगिरि, लांगुडी, रत्नागिरि आदि सहित जाजपुर और ललितगिरि जिले में पुष्पगिरि विश्वविद्यालय के पुनरुद्धार या स्थापना अथवा इन स्थलों पर बौद्ध धर्म और समुद्री सांस्कृतिक विरासत संबंधी किसी राष्ट्रीय अनुसंधान संस्थान की स्थापना का कोई प्रस्ताव संस्कृति मंत्रालय के पास विचाराधीन नहीं है।

*****